Title: Need to open a Regional office of Department of Post at Saharsa, Bihar-Laid.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर बिहार में डाक विभाग का संचालन क्षेत्रीय कार्यालय मुजफ्फरपुर से होता है। उत्तर बिहार के पूर्वी भाग सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां एवं कटिहार जिला काफी पिछड़ा एवं बाढ़ प्रभावित है। मुजफ्फरपुर में कार्यरत पदाधिकारियों का सुपरविजन इन दिनों की डाक व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं कर पा रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय में दो वरीय पदाधिकारी महाडाकपाल एवं निदेशक पदस्थापित हैं।

आग्रह है कि सरकार उत्तर बिहार के पूर्वांचल क्षेत्र में डाक व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कोशी कमिश्नरी मुख्यालय सहरसा में डाक विभाग का एक क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करे।